प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली: 5 जनवरी 2022

बढ़ते कोविड मामलों को निपटने के लिए भाखेप्रा ने नए एसओपी जारी किए

नई दिल्ली, 5 जनवरी: भारतीय खेल प्राधिकरण ने कोविड मामलों में भारी वृद्धि के कारण, खास ओमाइक्रोन से निपटने के लिए नए प्रकार के मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किए। इन उपायों को विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (रा.उ.के.) और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में सख्ती से लागू किया जाएगा।

प्रशिक्षण केंद्रों में पहुंचने के बाद, सभी एथलीटों को रैपिड एंटीजन परीक्षण (आरएटी) अनिवार्य होगी, अगर परीक्षण में नकारात्मक आता है तो, वे प्रवेश होने के बाद छठे दिन तक अलग से प्रशिक्षण और भोजन करेंगे। 5 वें दिन पर आरएटी दोहराया जाएगा। जिनका परिणाम सकारात्मक प्राप्त होंगे वे आरटीपीसीआर देना होगा और एकांत में रखा जाएगा, जबकि नकारात्मक परीक्षण वाले एथलीटों को सामान्य प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

पूरे शिविरों में कोविड सकारात्मक या लक्षण वाले एथलीटों के लिए उचित एकांत सुविधाएं निर्धारित की जा रही हैं और सुविधाओं को दिन में दो बार साफ किया जाएगा। एक माइक्रो बायो-बबल भी होगा, जहां प्रशिक्षण और भोजन के लिए एथलीटों को छोटे समूहों में विभाजित किया जाएगा। एथलीटों को भी अन्य समूहों के साथ बातचीत करने से बचने के लिए सख्ती से पालन करने को कहा गया हैं।

प्रत्येक 15 दिनों में एक बार, रा.उ.के. के **एथलीटों**, प्रशिक्षकों, **सहयोगी** स्टाफ और गैर-आवासीय कर्मचारियों का भी रैंडम परीक्षण होगा। यह भी सिफारिश की गई है कि राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) और भाखेप्रा मुख्यालय के अधिकारी द्वारा केवल सिफारिश की गई प्रतियोगिताओं में एथलीट भाग लेंगे। रा.उ.के. के संबंधित क्षेत्रीय निदेशकों (क्षे.नि) द्वारा आमंत्रण टूर्नामेंट और गैर-ओलंपिक अर्हक स्पर्धाओं के लिए सिफारिशें की जाएगी।

यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि उन विशेष राज्यों में इन एसओपी, संबंधित राज्य सरकारों के दिशा-निर्देशों का अधिक्रमण किया जाएगा।

ईओएम